(ख) मध्य भारत में अभी तक बसाये गये आदर्श ग्रामों के नाम क्या हैं, और उन्हें किन-किन जिलों में किन-किन स्थानों पर बसाया गया है ;

(ग) कितने हरिजन आदर्श ग्राम किन-किन स्थानों पर बसायें गये ; और

(घ) उपरोक्त योजना के लिये केन्द्रीय सरकार मध्य भारत को कितनी राशि का अनुदान देना चाहती है ?

निर्माण, आवास और सम्भरण तथा वाणिज्य और उपभोग–वस्तु उद्योग मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) से (ग). इस सम्बन्ध में काम शुरू करने और उनकी सूचना के लिये हमें राज्य सरकार पर निर्भर रहना होता है। मध्य भारत में अभी तक किसी प्रकार के आदर्श गांव नहीं बनाये गये हैं ।

(घ) गावों में घर बनाने के लिये दूसरी पंचवर्षीय योजना॰ में जो १० करोड़ रुपये की रक़म निर्धारित की गई है उस में से किस राज्य सरकार को कितनी रक़म दी जाये यह अभी तय नहीं किया गया है। इस निर्धारित रक़म से उनको जो कुछ भी दिया जायेगा उसके अलावा यह भी विचार है कि गृह मंत्रालय के अधीन हरिजनों की भलाई के लिये जो रक़म है, या गांवों की विकास सम्बन्धित योजनाओं के लिये स्वास्थ्य मंत्रालय इत्यादि के आधीन जो रक़म है, उसका उपयोग मिल जुल कर इस प्रकार किया जाये कि उन गावों को जो विकास के लिये चुने जायें, अधिक से अधिक लाभ हो।

चीलर नदी पर बांध

***१७८०. श्री भ० न० मालवीय** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने मध्य भारत के शाजापुर जिले में चीलर नदी पर एक बांध बनवाने के लिये ५६ लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो निर्माण-सर्वेक्षण कब शुरू किया जावेगा ; और

(ग) सर्वेक्षण-कार्य के लियें कितने पदाधिकारी नियुक्त किये गये ह ?

सिंचाई तथा विद्युत उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नही उठता ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।